आकाशवाणी श्री विजयपुरम

14.07.2026 समय : 1905

1. भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक तथा व्यापार समझौता कल से लागू होगा। भारतीय निर्यात को निन्यानब्बे प्रतिशत उत्पादों पर शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा।

2. कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर भारत ने गहरा दुख व्यक्त किया। संवेदना संदेश लेकर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू दोहा के लिए रवाना हुए।

3. अंडमान निकोबार कमान की त्वरित कार्रवाई से तीन दिन तक समुद्र में फंसे दो मछुआरों को सुरक्षित बचाया गया।

4. स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए कल से द्वीप समूह में अभियान शुरू होगा।

<><><><><><><>

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक तथा व्यापार समझौता कल से लागू हो जाएगा। इस ऐतिहासिक समझौते के अंतर्गत भारतीय निर्यात की लगभग निन्यानब्बे प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों को ब्रिटेन के बाजार में शून्य आयात शुल्क की सुविधा मिलेगी। इस समझौते के लागू होने के बाद भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन में कई प्रमुख उत्पादों पर लगने वाले शुल्क से पूरी तरह राहत मिलेगी। इस समय प्रोस्सेड फूड पर 70 प्रतिशत, समुद्री उत्पादों पर इककीस प्रतिशत इंजीनियरिंग सामान और ऑटो पार्ट्स पर 18 प्रतिशत चमड़ा और फुटवियर उत्पादों पर 16 प्रतिशत और कपड़ा तथा परिधान पर लगभग 12 प्रतिशत तक लगने वाले शुल्क अब शून्य हो जाएंगे।

<><><><><><><>

संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर भारत सरकार और देशवासियों की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए आज दोहा के लिए रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी ने आधुनिक कतर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वे भारत के घनिष्ठ मित्र थे। मंत्रालय ने कहा कि भारत–कतर संबंधों को मजबूत करने में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने श्री विजयपुरम तहसील के लंबित भूमि उपयोग परिवर्तनों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाते हुए स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में राजस्व कैंप कोर्ट आयोजित किए। सहायक आयुक्त, दक्षिण अंडमान कमलेश्वर राव एस. की अध्यक्षता में पिछले दिनों स्वराज द्वीप स्थित सहायक आयुक्त कार्यालय तथा कल शहीद द्वीप के पटवारी कार्यालय में कैंप कोर्ट आयोजित किए गए। सुनवाई के दौरान जून 2026 तक लंबित पैंसठ भूमि मामलों का स्वराज द्वीप में और चौसठ भूमि मामलों का शहीद द्वीप में निस्तारण किया गया। इस दौरान सहायक आयुक्त ने स्वराज द्वीप में निर्माणाधीन आधुनिक समुद्री बंदरगाह टर्मिनल परियोजना का भी निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा स्वराज द्वीप थाना परिसर में आयोजित विशेष कैंप कोर्ट में 18 अप्राकृतिक मृत्यु मामलों का भी निस्तारण किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान ने संयुक्त खोज एवं बचाव अभियान चलाकर समुद्र में तीन दिनों से फंसे दो मछुआरों को सुरक्षित बचाने में सफलता हासिल की है। दोनों मछुआरों की पहचान 34 वर्षीय अमरेंद्र हल्दर और 40 वर्षीय परिमल राय के रूप में हुई है। 10 जुलाई को सुबह 10 बजे हट बे स्थित दीपिका नंदापुर फिश लैंडिंग सेंटर से ये मछुआरे मछली पकड़ने के लिए रवाना हुए थे। समुद्र में पहुंचने के कुछ समय बाद ही नौका का इंजन पूरी तरह खराब हो गया, जिससे वह तेज हवाओं, ऊंची लहरों और प्रतिकूल मौसम के बीच बहने लगी। 13 जुलाई को भारतीय तटरक्षक बल के अंडमान निकोबार क्षेत्रीय मुख्यालय स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को श्री विजयपुरम से लगभग 50 समुद्री मील दक्षिण–पूर्व में संकट संदेश मिला। इसके बाद नौसेना के विमान और तटरक्षक पोत राजवीर को

तत्काल रवाना किया गया और दोनों मछुआरों को सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार दी गई। बाद में उन्हें श्री विजयपुरम में संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

<><><><><><>

पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से 'स्टॉप डायरिया अभियान–2026' का आयोजन कल से 31 अगस्त तक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य डायरिया की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है। इस वर्ष अभियान का नारा "डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओ आर एस से रखें अपना ध्यान" रखा गया है। अभियान के दौरान व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के माध्यम से अभिभावकों, देखभालकर्ताओं, स्कूलों और समुदायों को जागरूक किया जाएगा। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डायरिया प्रबंधन सेवाओं को मजबूत किया जाएगा तथा ओआरएस–जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। ओआरएस और जिंक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों वाले घरों में इनकी अग्रिम उपलब्धता कराई जाएगी। आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर ओआरएस घोल बनाने और जिंक सेवन के लिए प्रेरित करेंगे।

<><><><><><>

उत्कल समाज, शादीपुर की ओर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन 16 जुलाई को दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े पाँच बजे तक किया जाएगा। रथयात्रा राजस्थान मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी पार्क, अन्नपूर्णा कैफेटेरिया, एबरडीन क्लॉक टॉवर, लाइट हाउस चौक, बंगाली क्लब, मिडिल प्वाइंट, गोलघर चौक, जंगलीघाट स्थित एचडीएफसी बैंक, डेयरी फार्म जंक्शन, रवींद्र बंगला विद्यालय (वीआईपी रोड), चिन्मय मिशन, जॉगर्स पार्क, एमईटी चौक होते हुए शादीपुर स्थित उत्कल समाज परिसर पहुंचेगी। रथयात्रा की वापसी बहुड़ा यात्रा 24 जुलाई को दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े पाँच बजे तक शादीपुर स्थित उत्कल समाज से प्रारंभ होकर उसी मार्ग से राजस्थान मंदिर पहुंचेगी। इस अवसर पर द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे भी उपस्थित रहेंगे।

वहीं, ब्रिचगंज स्थित इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस अंडमान की ओर से श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। रथयात्रा दोपहर 1 बजे ब्रिचगंज स्थित इस्कॉन मंदिर से प्रारंभ होकर डॉलीगंज स्थित शिव कृष्ण मंदिर तक निकलेगी। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। सभी श्रद्धालु एवं आम नागरिक से रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मीडिया एवं संबंधित गतिविधियों के समन्वय के लिए प्रबंधक (पर्यटन), फिरोज खान को जनसंपर्क अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

<><><><><><>

जिला बाल संरक्षण इकाई, दक्षिण अंडमान के समन्वय से 1 (एएन) नौसेना इकाई, एनसीसी ने आज अट्टम पहाड़ स्थित बाल देखभाल संस्थान बालिका निकेतन में बच्चों के लिए एक प्रेरक जागरूकता सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय नौसेना और राष्ट्रीय कैडेट कोर से परिचित कराना तथा उनमें अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति और सेवा की भावना विकसित करना और भारतीय नौसेना की देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के महत्व को भी समझाना था।

<><><><><><>

नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वीप उच्च शिक्षा संस्थान के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की श्रेणीवार अंतिम मेरिट सूची 18 जुलाई को कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। यह सूची पोर्टल पर प्राप्त सभी दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण के बाद प्रवेश काउंसलिंग 20 जुलाई से जेएनआरएम परिसर में होगी।

<><><><><><>